## खबर संक्षेप

### महाराजा अग्रसेन जयंती निगदू में 29 को

**निगदू।** वैश्य समाज के संस्थापक महाराजा अग्रसेन की जयंती मनाने के लिए अग्रवाल सभा निगदू के प्रधान एवं आर.जी.राईस एण्ड जनरल मिल ढाण्ड के डायरेक्टर राकेश मित्तल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के वरिष्ठ सदस्य और अग्र बंधु उपस्थित थे। सभी उपस्थित सदस्यों ने जयंती आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा की और कार्यक्रम की जिम्मेदारियां बांटी। 29 सितम्बर को लक्ष्मी पैलेस, निगदू में कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह हवन-यज्ञ के साथ होगा, जिसके बाद सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### आज होगा दस जोड़ों का सामूहिक विवाह

**करनाल।** जेसीआई गोल्ड क्लब द्वारा महाराजा अग्रसैन भवन में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर दस जोड़े दांपत्य सूत्र में बंधेंगे। समारोह में नए जोड़ों को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विवाह संस्कार संपन्न करवाया जाएगा।मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद और पूर्व मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल होंगे, जो नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देंगे। इस अवसर पर विधायक जगमोहन आनंद, योगिंदर राणा, स्पीकर हरविंदर कल्याण और मेयर रेनू बाला गुप्ता भी उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जेसीआई गोल्ड क्लब के प्रधान प्रमोद बंसल तथा हरीश अग्रवाल करेंगे। इस अवसर पर नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी के लिए आवश्यक सामान, ज्वेलरी और अन्य उपहार प्रदान किए जाएंगे।

### तरावड़ी मंडी में सरकारी धान की खरीद हुई शुरू

**तरावड़ी।** अनाज मंडी में हैफेड व डीएफएससी के अधिकारियों ने मंडी प्रधान सुभाष गुप्ता के साथ मिलकर धान की सरकारी खरीद शुरु की। इस दौरान अवसर पर मार्किट कमेटी सचिव संजीव सचदेवा व प्रधान सुभाष गुप्ता ने बताया कि सरकार के नियमों अनुसार धान खरीद के लिए धान की नमी 17 प्रतिशत व साफ व सुखी होनी चाहिए। आज धान की खरीद हैफेड के अधिकारी द्वारा पीआर की धान ढेरी के शुरूआत की।

### रामचरितमानस की कथाएं धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने की देती हैं प्रेरणा

# रामलीला में भरत मिलाप का मंचन सुन भावुक हुए दर्शक, आंखों से छलके आंसू

1 रामलीला मंचन देखने के लिए आस-पास के गांवों से उमड़ी रही दर्शकों की भीड़

» मुख्यातिथि रहे सरपंच के प्रतिनिधि दीपेंद्र राणा व समाज सेवी मोहित राणा

» भरत मिलाप की कथा समाज के लिए भाईयों में समर्पण भाव का देती है संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

नगर की रामलीला ग्राउंड में चल रहे भगवान श्रीराम के चरित्र चित्रण पर आधारित रामलीला के छठे दिन शनिवार को भरत मिलाप का भावनात्मक मंचन किया गया। इस अवसर पर कालरम के सरपंच प्रतिनिधि दीपेंद्र राणा और समाजसेवी मोहित राणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दोनों ने फीता काटकर मंचन का विधिवत शुभारंभ किया।

रामलीला के मंचन में जब भगवान श्रीराम और भरत का मिलन हुआ तो वातावरण भावुक हो उठा। दर्शकों की आंखें नम हो गईं और चारों ओर "जय श्रीराम" और "भरत जी की जय" के नारे गूंजने लगे। कलाकारों ने जिस भक्ति और सजीवता से पात्रों का अभिनय किया, उसने पंडाल में बैठे हर शख्स को मानो त्रेता युग में पहुंचा दिया। भरत मिलाप का प्रसंग केवल भाइयों का आपसी मिलन नहीं, बल्कि भक्ति और आदर्शों का अद्वितीय संगम है। भरत जी द्वारा राजगद्दी ठुकराकर प्रभु श्रीराम के नाम पर राजकाज संभालना इस प्रसंग का सबसे बड़ा संदेश है। यह घटना हमें सिखाती है कि निष्ठा, समर्पण और धर्मपालन जीवन के सर्वोच्च आदर्श हैं।




घरौंडा। रामलीला का फीता काटकर उद्घटन करते कालरम के सरपंच प्रतिनिधि दीप्रेंद्र राणा और समाजसेवी मोहित राणा। फोटो : हरिभूमि

#### शानदार रहा अभिनय

इस मौके पर मुख्य अतिथि दीपेंद्र राणा और मोहित राणा ने रामलीला कमेटी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में नैतिक मूल्यों और धार्मिक आस्था को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस की कथाएं हमें हर दौर में धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। भरत मिलाप का मंचन देखने के लिए आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु और दर्शक पहुंचे। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी इस पावन प्रसंग के गवाह बने। मंचन के अंत में कलाकारों का दर्शकों ने तालियों से उत्साहवर्धन किया।



घरौंडा। रामलीला का मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि



इंद्री। रक्तदाताओं को बैज लगाते विधायक रामकुमार कश्यप।

#### पुलिस विभाग ने इंद्री मे लगाया गया रक्तदान शिविर

**इंद्री।** पुलिस विभाग द्वारा सैनी धर्मशाला इंद्री में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे करनाल से आई डाक्टरो की टीम ने रक्त एकत्रित किया । शिविर में मुख्यातिथि के रूप में विधायक रामकुमार कश्यप ने शिरकत की। उन्होंने सभी रक्तदाताओं को बैंज लगाया। विधायक ने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन एक सराहनीय कार्य है। रक्तदान महादान है। रक्त को किसी फैक्ट्री में नहीं बनाया जा सकता केवल इंसान ही दूसरे इंसान को रक्त प्रदान कर सकता है । इसलिए एक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान जरूर करना चाहिए। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में पूरे देश में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत हर राज्य में रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, पौधारोपण आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। विधायक ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि सभी समाज सेवा के कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लें और स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में सहयोगी बनें।

सम्मेलन रूपरेखा की तैयारी में जुटे आयोजक

## कालीदास रंगशाला में विशाल सिख सम्मेलन 28 को होगा

- केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याणा और कई विधायक होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। सम्मेलन का पोस्टर जारी करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

स्थानीय कालीदास रंगशाला में 28 सितंबर को सिख समाज का भव्य सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में सोनीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र और अंबाला से बड़ी संख्या में सिख समाज के लोग शामिल होंगे। मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री और करनाल सांसद मनोहर लाल, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याणा, करनाल विधायक जगमोहन आनंद, इंद्री विधायक राम कुमार कश्यप, नीलोखेड़ी विधायक भगवानदास कबीरपंथी, असंध विधायक योगेंद्र राणा, करनाल मेयर रेणु बाला गुप्ता, भाजपा जिला प्रधान प्रवीण लाठर उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन में हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगदीश सिंह झिंडा, प्रचार कमेटी अध्यक्ष बलजीत सिंह दादूवाल और पूर्व प्रधान भूपेंद्र सिंह असंध विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

#### ये रहेंगे मौजूद

इस अवसर पर अशोक खुराना, एसपी चौहान, पार्षद हरजीत लाडी, प्रभजोत सिंह सिद्धू, कर्मपाल सिंह, गुरलाल सिंह, इंद्रजीत सिंह टीटू, गुरजीत सिंह भिंडर, अरविंद नीटू मान, राजेंद्र कुमार, अमित आहूजा, गगन मेहता, सतनाम सिंह जोशी, मनिंदर सिंह शंटी, परमजीत सिंह फौजी और रविंद्र सिंह रूबी सहित काफी संख्या ममौजूद रहेंगे।



#### सेवा पखवाड़े के तहत सफाई अभियान चलाया

निगदू। राजकीय महाविद्यालय, निगदू में सेवा पखवाड़े के तहत सफाई अभियान चलाया। राजकीय महाविद्यालय, निगदू (करनाल) में दिनांक 25 सितम्बर से 27 सितम्बर तक सेवा पखवाड़े के अंतर्गत महाविद्यालय प्रांगण और देवी मंदिर परिसर में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य श्री रमेश सिंह अहलावत के दिशा-निर्देश में किया गया। प्राचार्य श्री अहलावत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासित और स्वच्छ जीवन शैली अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि केवल शिक्षा ही नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारियों में भागीदारी भी विद्यार्थियों के लिए उतनी ही महत्वपूर्ण है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क होता है, इसलिए स्वास्थ्य और लक्ष्य दोनों पर ध्यान देना जरूरी है। सफाई अभियान में विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और महाविद्यालय परिसर एवं देवी मंदिर परिसर को साफ-सुथरा बनाने में योगदान दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डॉ. बलविंदर सिंह, सुश्री अंजू बाला, डॉ. आशु गर्ग, डॉ. कुलदीप सिंह मलिक, डॉ. जतिन कुमार, डॉ. नीरज और डॉ. रोहतास जी उपस्थित रहे।

विधायक जगमोहन आनंद ने छात्रों को किया प्रोत्साहित

## डे लॉन्ग बाजार में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा विजेताओं को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हरियाणा के प्रायोजन में डे लॉन्ग बाजार कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने पेंटिंग, कुकिंग, हस्तकला, दीपावली के दीप, ग्रीटिंग कार्ड्स, जूट बैग्स और अन्य कलाकृतियों के स्टॉल लगाए। ख्य अतिथि विधायक जगमोहन आनंद ने रिबन काटकर उद्घाटन किया और विद्यार्थियों को उत्साहित किया। प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी, उप प्राचार्य डॉ. जरनैल सिंह, सह-संयोजक डॉ. रंजीत सिंह, वरिष्ठ प्राध्यापक और स्टाफ ने विद्यार्थियों का स्वागत किया।



करनाल। प्रतियोगिता में बच्चों का हौसला बढ़ाते विधायक जगमोहन आनंद।

#### प्रतियोगिताओं के ये रहे परिणाम

इंट्रा कॉलेज क्विजः 1) अतुल, गौरव, आर्यन – पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय; 2) वादिनी रोहिला, सानिया शर्मा, प्राची – राजकीय महिला महाविद्यालय; 3) कुनाल, आरिश, ललिता – राजकीय महाविद्यालय तरावड़ी हैंडिक्राफ्टः 1) वंशिका – पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय; 2) तनु – राजकीय महिला महाविद्यालय बस्तड़ा; 3) तमन्ना – राजकीय महाविद्यालय तरावड़ी बेस्ट आउट ऑफ वेस्टः 1) महक – पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय; 2) सुनैना – राजकीय महिला महाविद्यालय बस्तड़ा; 3) गुंजन – राजकीय महिला महाविद्यालय।

#### किया सम्मानित

रंगोली प्रतियोगिताः 1) प्रियंका और दीपांशु – पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय; 2) वादिनी रोहिला और सानिया शर्मा – राजकीय महिला महाविद्यालय; 3) संजना और मनु – पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय फ्लावर अरेंजमेंटः 1) नितिन – पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय; 2) विजय – राजकीय महाविद्यालय असंध समापन समारोह में पूर्व प्राचार्या डॉ. नीटा नागपाल, पूर्व प्राचार्या डॉ. लोकेश त्यागी और सेवानिवृत्त एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुरेश कुमार ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। राजकीय महाविद्यालय घरौंडा के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार भी उपस्थित रहे।

### कथावाचक को गणमान्य लोगों ने किया सम्मानित

# श्रीरामकथा में पढ़ाया मर्यादा का पाठ

- केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याणा और कई विधायक होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

भागीरथी गंगा पतित पावनी और कल्याण दायिनी देव नदी है। जो जनमानस को पवन और विशुद्ध करती है, ऐसे ही श्री राम कथा रूपी गंगा घर-घर और जन-जन को परम पवित्र और दिव्य मानवता का बोध कराती है। यह शब्द श्री अयोध्या धाम से पधारे कथावाचक राम कथा मर्मज्ञ विद्वान आचार्य प्रहलाद मिश्रा रामायणी ने श्री हनुमान सेवा समिति तरावड़ी की ओर नवरात्रों के शुभ अवसर पर मां अन्नपूर्णा आश्रम मे संगीतमयी श्री राम कथा के भव्य आयोजन के अवसर पर कहे। छठे दिन की कथा में मुख्य अतिथि के रूप मे न्यू कैम ऑयल के एमडी राजकुमार तायल व मीनू तायल ने ज्योति प्रज्जवालित करके श्री राम कथा का शुभारंभ किया। छठे दिन शनिवार की कथा मे श्री अयोध्या धाम से पधारे कथावाचक राम कथा मर्मज्ञ विद्वान आचार्य प्रहलाद मिश्रा रामायणी ने कहा कि मानसरोवर में शरीर की मेल धुलती है और मानस सरोवर में अवगाहन करने से मन से पाप करने की प्रवृत्ति समाप्त हो जाती है।



तरावड़ी। कथा मे मुख्य अतिथि राजकुमार तायल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मुख्य अतिथि व गणमान्य लोगों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कथा में लाला साधू राम सिंगला, सरंक्षक बालकिशन त्रिपाठी, अध्यक्ष अमन शर्मा, संजय सिंगला, प. मोहन लाल, राजकुमार तायल, मीनू तायल वीरेन्द्र बंसल, प्रमोद सिंगला, हंसराज पाहुजा, राकेश गोयल, नरेश गाबा पार्षद, अनिल सिंगला, संजय गाबा, अशोक लूथरा, योगेश सरदाना, नरेश अरोड़ा, विपिन छाबड़ा, यशपाल शर्मा, भीम सचदेवा, सरोज बाला, रेणू बाला, कविता, नीलम खुराना, गायत्री देवी सहित शहर के गणमान्य लोग व काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।



#### धान की सरकारी खरीद शुरू होने पर किसानों में उत्साह

**घरौंडा।** घरौंडा की अनाज मंडी में शनिवार से पी.आर. धान की विधिवत खरीद प्रक्रिया शुरू कर दी गई। इस अवसर पर मंडी में पहुंचे किसानों और आढ़तियों ने मिठाई बांटकर शुभारंभ का उत्सव मनाया। शनिवार को मंडी सचिव चंद्रप्रकाश की अगुवाई में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, हैफेड तथा स्टेट वेयरहाउस के अधिकारी अनाज मंडी पहुंचे। अधिकारियों ने मंडी में पहुंची धान की ढेरियों का निरीक्षण किया और नमी की जांच की। निरीक्षण के बाद कुछ ढेरियों की खरीद की गई, जिससे मंडी में खरीद प्रक्रिया का श्रीगणेश हो गया। मंडी सचिव चंद्रप्रकाश ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा 22 सितंबर से पूरे प्रदेश में धान की सरकारी खरीद के आदेश जारी कर दिए गए थे। हालांकि घरौंडा मंडी में एजेंसियों के आवंटन और धान में नमी की अधिकता के कारण खरीद प्रक्रिया पांच दिन विलंब से शुरू हो सकी। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से लगातार धूप निकलने के कारण अब धान की नमी कम हुई है, जिससे खरीद संभव हो पाई है। उन्होंने जानकारी दी कि इस बार मंडी में तीन सरकारी एजेंसियां किसानों से धान की खरीद करेंगी। मंडी प्रशासन की ओर से खरीद प्रक्रिया के लिए सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। वहीं, मंडी प्रधान महेंद्र पसरिचा ने कहा कि धान में अभी भी कुछ नमी बनी हुई है, जिसके कारण खरीद शुरू होने में देरी हुई।

## न्यूज डायरी



### कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में किया श्रमदान

**करनाल।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत चल रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज परिसर में विशाल स्वच्छता श्रमदान आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक जगमोहन आनंद, महापौर रेणु बाला गुप्ता, निगमायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, मेडिकल कॉलेज डायरेक्टर एम.के. गर्ग, डॉ. गुलशन, सुमेर सैनी, अजय कुमार, दीपक, एडवोकेट विजय वेदपाल, एडवोकेट अशोक कुरलन, श्याम कपूर, प्रवीण कुमार, सतीश कश्यप, अमरजीत सेन, मनीष सागर, सन्नी लोमस, राजेंद्र शर्मा, रविन्द्र कश्यप, विकास शर्मा, गुलशन कुमार, राजेश, कर्नल बिंद्रा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



### जरूरतमंद बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की

**करनाल।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला घीड़ करनाल में मानव मित्र मंडल रजि. कुरुक्षेत्र के संस्थापक ब्रह्मलीन प्रोफेसर श्री राम रतन शर्मा की प्रथम पावन स्मृति पर मानव मित्र मंडल शाखा करनाल ने जरूरतमंद बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या सुरजीत कौर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घीड़ मुख्य अतिथि के रूप में पधारी, जबकि जीपीएस घीड़ की इंचार्ज बिमला देवी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में मानव मित्र मंडल के कार्यों की सराहना की और कहा कि मनुष्य के लिए मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। इस अवसर पर मानव मित्र मंडल शाखा करनाल के प्रधान कुलदीप शर्मा ने अतिथियों का कार्यक्रम में शामिल होने पर धन्यवाद किया।



### छात्रों का एनसीसी परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

करनाल। गुरु नानक खालसा कॉलेज के एन.सी.सी. के विद्यार्थियों ने ग्रुप सी परीक्षा पास कर एक बार फिर कॉलेज का नाम रोशन किया। एन.सी.सी. अधिकारी लैफ्टिनेंट डॉ. देवी भूषण ने बताया कि बी प्रमाण पत्र के लिए 13 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और सभी उत्तीर्ण हुए। इनमें से पांच विद्यार्थियों ने ए ग्रेड में परीक्षा पास की जबकि अन्य ने बी ग्रेड में सफलता हासिल की। सी प्रमाण पत्र के लिए 10 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और सभी उत्तीर्ण हुए, जिनमें तीन विद्यार्थियों ने ए ग्रेड में सफलता प्राप्त की। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान स. कंवरप्रीत सिंह प्रिंस ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और आश्वासन दिया कि कॉलेज हर संभव सहायता प्रदान करेगा। प्राचार्य डॉ. चुहड़ सिंह ने भी सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।



### सेवा पखवाड़े के अंतर्गत लगाया चिकित्सा शिविर

**करनाल।** सेवा पखवाड़े के अंतर्गत भाजपा अर्बन मंडल ने सैक्टर-7 में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में दुआ अस्पताल के डॉक्टर अमित ने 75 लोगों की निशुल्क जांच की। मुख्य अतिथि अर्बन मंडल प्रभारी मदन गुज्जर ने कहा कि सेवा पखवाड़े के तहत अर्बन मंडल लगातार जनहित में सेवा कार्य कर रहा है। भाजपा अर्बन मंडल अध्यक्ष गौरव खुराना ने बताया कि शिविर में जरूरतमंद लोगों के मुफ्त टेस्ट और ईसीजी की सुविधा प्रदान की गई। रोगियों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। उन्होंने बताया कि 29 सितम्बर को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक सैक्टर-7 में निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा और सभी लोगों से इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर नरसिंह राणा, राजेश गोयल, संजीव बजाज, दीपक खुल्लर आदि रहे मौजूद।



### सफाई मित्रों को 50 नई रेहड़िया वितरित की

**करनाल।** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान और स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत नगर निगम करनाल ने शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए 50 नई रेहड़ियां वितरित कीं। इस अवसर पर विधायक जगमोहन आनंद, महापौर रेनू बाला गुप्ता और नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रेहड़ियों को रवाना किया। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था बेहतर बनी रहे, इसके लिए सफाई कर्मचारियों को समय-समय पर संसाधनों की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि सफाई मित्र अपने कार्य को लगन और जिम्मेदारी के साथ करते हैं, जिससे करनाल ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया। महापौर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि नई रेहड़ियां मिलने से सफाई कर्मचारी और प्रभावी तरीके से काम कर सकेंगे। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि 50 नई रेहड़ियां सी.एस.आर. फंड के माध्यम से उपलब्ध कराई गई हैं और जल्द ही 150 और रेहड़ियां निगम के संसाधनों में शामिल होंगी।




### छात्राओं ने ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया

**करनाल।** केवीए डीएवी महिला महाविद्यालय के इतिहास विभाग एवं आर्कियोलोजी एंड म्यूजियम विभाग ने अंतरराष्ट्रीय पर्यटन दिवस के अवसर पर हैरिटेज वॉक का आयोजन किया। महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा के मार्गदर्शन में छात्राओं ने घरौंडा मुगल सराय और कैंटोनमेंट चर्च टावर का भ्रमण किया। आर्कियोलोजी विभाग से विनीत बेनीवाल ने छात्राओं को इन ऐतिहासिक स्थलों के आर्ट और आर्किटेक्चर के बारे में जानकारी दी। इतिहास विभाग की अध्यक्ष डॉ. रेणू बालियान और प्राध्यापिका डॉ. प्रवेश, कम्प्यूटर विभाग से गुरचरण कौर और लीना भी कार्यक्रम में मौजूद रहीं। इस हैरिटेज वॉक में कुल 116 छात्राओं ने भाग लिया।

## खबर संक्षेप

### नारी के विरुद्ध अपराध, नशे के विरुद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत पुलिस ने सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न गांवों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए और ग्रामीणों को पर्यावरण को घना करने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पौधे रोपने, बच्चों को शिक्षित करने, नारी के विरूद्ध अपराध, नशे के विरूद्ध जागरूक किया। वहीं एएसपी हर्षित गोयल ने ग्रामीणों से संवाद किया और उनकी समस्याओं को जान कर निराकरण को संबंधी पुलिस थाने को निर्देश दिए। एएसपी गोयल ने ग्रामीणों से स्वच्छता को अपनाने की अपील की।

### प्रयाग इंटरनेशनल स्कूल में पृथ्वी दिवस मनाया

**पानीपत।** प्रयाग इंटरनेशनल स्कूल गांव सिवाह में पृथ्वी दिवस पर विशेष सभा में विद्यार्थियों ने पर्यावरण एवं धरती को बचाने का संदेश पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन, संभाषण, कविता गायन से दिया। वहीं, प्रधानाचार्या ने बताया कि इस वर्ष का विषय रिन्यूबल एनर्जी की ओर ग्लोबल बदलाव लाने और क्लाइमेट चेंज से मुकाबला करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर देता है। विद्यार्थियों ने गांव सिवाह में जागरूकता रैली निकाल कर ग्रामीणों को पर्यावरण घना करने व स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

### शहीद भगत सिंह को नमन किया

**पानीपत।** स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीद भगत सिंह की जयंती पर हाली अपना स्कूल में विद्यार्थियों व अध्यापकों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इधर, वरिष्ठ अधिवक्ता राम मोहन राय, न्यायिका भारती, विद्यार्थियों को शहीद भगत सिंह के जीवन, अध्ययन, विचारों और संदेशों की विस्तार से जानकारी दी। इधर, विद्यार्थियों ने देशभक्ति की कविताएं सुनाई।

### किसान सभा ने बैठक की

**पानीपत।** अखिल भारतीय किसान सभा जिला कमेटी की बैठक गीता कॉलोनी में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान डॉ. सुरेंद्र मलिक ने की संचालन जिला सचिव राजपाल गाहल्याण ने किया। जिला कमेटी की बैठक में जिला कोषाध्यक्ष कंवर सिंह छोकर, उपप्रधान दिलावर सिंह राठी, सहसचिव सीताराम शर्मा, प्रेस सचिव रोहतास मलिक, समालखा तहसील प्रधान विष्णु शर्मा, पानीपत तहसील सचिव एसए खान मौजूद रहे।

### श्री गणेश मंदिर में संकीर्तन किया

**पानीपत।** पानीपत की असंध रोड क्षेत्र की भाटिया कॉलोनी के गणेश मंदिर में नवरात्रि के उपलक्ष्य में महिला मंडल की महिलाओं ने संकीर्तन किया। वहीं महिलाओं ने गरबा व डांडिया खेला। इस अवसर पर मंदिर समिति के प्रधान बलदेव गांधी, महासचिव हरीश बंसल ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य नवरात्रि की धार्मिक गरिमा और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रखना था। इस मौके पर आशु गांधी, आशा ठकराल, सुभाष बंसल, रेखा, निधि, तान्या, पूजा, रिटा, रचना, राज, कमलेश व अंजू आदि मौजूद रही।

### श्रीराम की बाल लीलाओं का भावपूर्ण चित्रण किया

**समालखा।** समालखा गांव के रामलीला ग्राउंड में हो रही रामकथा में आचार्य लखन शांडिल्य ने श्रीराम की बाल लीलाओं का भावपूर्ण चित्रण किया। कार्यक्रम में नरेश कुमार, लालचंद चोपड़ा, श्याम लाल मेहरा, नरेश चोपड़ा, मनोज मल्होत्रा, बंटी, अजय बेनीवाल, बलदेव मल्होत्रा, बलवंत मल्होत्रा, नितिन चोपड़ा, अर्पित मल्होत्रा, ललित मल्होत्रा, अनमोल चोपड़ा, ललित गुप्ता, महेश गुप्ता, विक्रम नरवाल, अनिल अरोड़ा, दीपक मल्होत्रा, कृष्ण बेनीवाल, डब्बू शर्मा विपिन मेहंदीरता आदि मौजूद रहे।

### लोगो मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में वाणिज्य विभाग की ओर से बीबीए प्रथम वर्ष (बी) के विद्यार्थियों के लिए लोगो मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार चंदा, द्वितीय पुरस्कार रोहिणी व अनुष्का और तृतीय पुरस्कार खुशी व अंशु को दिया गया।

## एसडी कॉलेज में जयंती पर शहीद भगत सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि दी

# शहीदों के सपनों को साकार करे युवा वर्गः डॉ. अरोड़ा

हर व्यक्ति को शहीद भगत सिंह की तरह खुद के व्यक्तित्व को निखारना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में कॉलेज के पूर्व और वर्तमान विद्यार्थियों ने भारत के सच्चे सपूत शहीद भगत सिंह की जयंती श्रद्धा व देश, मानवता व समाज की सेवा के जज्बे के साथ मनाई। इधर, प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि शहीद भगत सिंह की जीवनी की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि शहीद भगत सिंह को यदि हमने सच्ची श्रद्धांजलि देनी है तो हमें उनकी तरह अपने चरित्र निर्माण पर ध्यान देना होगा। महिलाओं की हिफाजत, बड़ों का सम्मान और राष्ट्र की समस्याओं के प्रति जागरूकता से ही हम अपनी आजादी को संजोकर रख पाएंग। हर व्यक्ति को शहीद भगत सिंह की तरह खुद के व्यक्तित्व को निखारना होगा। यही समय की मांग भी है और देश की जरुरत भी। उन्होंने युवाओं से शहीदों के सपनों को साकार करने की अपील की। वहीं, एनएसएस ऑफिसर डॉ. राकेश गर्ग, डॉ. संतोष कुमारी, डॉ. एसके वर्मा, डॉ. मुकेश पुनिया, प्रो मनोज कुमार, डॉ. बलजिंदर सिंह, डॉ. मोनिका खुराना, डॉ. दीपा वर्मा, डॉ. पवन कुमार, पूर्व छात्र आज़ाद, प्रदीप, रोहित, कुलदीप समेत बडी संख्या में विद्यार्थियों ने शहीद भगत सिंह को नमन किया।



पानीपत। शहीद भगत सिंह की याद में देशभक्ति के गीत गाते हुए प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा आदि। फोटो :हरिभूमि

## जैन मंदिर में नेमिनाथ महामंडल विधान किया



पानीपत। श्री दिगंबर जैन मंदिर बड़ा मंदिर जैन मोहल्ला में पूजन करते हुए श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

- प्रतिष्ठाचार्य अभिषेक जैन शास्त्री के द्वारा सर्वप्रथम विधान की मांगलिक क्रियाएं कराई गई

श्री दिगंबर जैन मंदिर बड़ा मंदिर जैन मोहल्ला में प्राचीन जिनालय में तीन दिवसीय महोत्सव के अंतर्गत द्वितीय दिवस पर श्री 1008 भगवान नेमिनाथ महामंडल विधान का आयोजन किया गया। दमोह से प्रतिष्ठाचार्य अभिषेक जैन शास्त्री के द्वारा सर्वप्रथम विधान की मांगलिक क्रियाएं कराई गई। महोत्सव का शुभारंभ जी का अभिषेक एवं शांति धारा के साथ हुआ। महोत्सव में सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य सुनील कुमार जैन, ममता जैन एवं धनपति कुबेर बनने का सौभाग्य जितेंद्र जैन, स्वीटी जैन एवं यज्ञ नायक बनने का सौभाग्य श्रीपाल जैन, बीना जैन को प्राप्त हुआ। नवनिर्मित कुएं का निर्माण सुरेश जैन, कुमार जैन, श्रीपाल जैन के द्वारा किया गया। जबकि मंदिर जी में विराजमान 1000 वर्ष से भी प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपि का प्रथम बार अभिषेक किया गया।

# कौटिल्य ने साबित कर दिया कि मेहनत लगन और ज्ञान की कोई सीमा नहीं होती

## अपने परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे हरियाणा और भारत का नाम रोशन किया

- कौटिल्य पंडित व उनके पिता सतीश शर्मा का फूल माला पहनाकर स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। एशियन इन्स्टीटयूट में विद्यार्थियों से संवाद करते हुए गूगल बॉय कौटिल्य पंडित।

गूगल बॉय कौटिल्य पंडित को 25 लाख की स्कॉलरशिप मिलने और आगे की पढ़ाई के लिए ब्रिटेन की राजधानी लंदन की ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में जाने से पहले एशियन इन्स्टीटयूट के डायरेक्टर सुरेश रावल ने कौटिल्य पंडित व उनके पिता सतीश शर्मा का फूल माला पहनाकर स्वागत किया व अन्य सामाजिक संस्थाओं की तरफ से राजेन्द्र गर्ग, मुकेश गर्ग, अंकित व वैभव रावल ने भी उनका जोरदार स्वागत किया। सुरेश रावल ने कहा कि कौटिल्य ने साबित कर दिया कि मेहनत, लगन और ज्ञान की कोई सीमा नहीं होती। उन्होंने सिर्फ अपने परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे हरियाणा और भारत का नाम रोशन किया है। करनाल जिले के कोहंड गांव के रहने वाले कौटिल्य पंडित जिन्हें पूरी दुनिया गूगल बॉय के नाम से जानती है। कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों द्वारा उनके मस्तिष्क की जांच की गई थी और उनके शोध के अनुसार, कौटिल्य पंडित का आईक्यू 150 था जो प्रख्यात वैज्ञानिक अल्बर्ट आईस्टीन के बराबर था। इधर, कौटिल्य पंडित ने कहा कि इंसान के जीवन की सबसे सशक्त व आसान राह शिक्षा है। शिक्षा के बल पर इंसान बडे से बडा पद हासिल कर सकता है। कार्यक्रम में मोनू, कर्मजीत, राखी, रीटा, खुशी, मुस्कान, व रवि आदि मुख्य तौर पर मौजूद रहे।

### इनेलो की रोहतक में रैली ऐतिहासिक रही : डॉ. नैन

**पानीपत।** युवा इनेलो के प्रदेश महासिचव डॉ. नवीन नैन भालसी



कहा कि रोहतक के देवीलाल सम्मान समारोह में उमड़ी भीड़ ने साबित कर दिया कि ताऊ देवीलाल की विचारधारा आज भी लोगों के दिलों में बसी हुई है। इनेलो की इस महारैली में शामिल होने के लिए कार्यकर्ताओं और जनता ने भारी उत्साह दिखाया। जिसके लिए वह प्रदेश वासियों व पार्टी के कार्यकर्ताओं का दिल की गहराईयों से धन्यवाद करते हैं। डॉ. नैन ने कहा कि इनेलो जनता के मुद्दों को उठाने और उनकी आवाज बनने के लिए काम करती रहेगी। प्रदेश की जनता को जहां यह समझ आ चुका है कि उनका भला इनेलो ही कर सकती है।

# आईबी कॉलेज में इतिहास संग्रहालय भ्रमण सप्ताह का शुभारंभ

## यह भ्रमण पांच अक्टूबर तक चलेगा

इतिहास के विद्यार्थियों को दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आईबी कॉलेज के कल्चरल हेरिटेज क्लब विरासत, इतिहास विभाग की ओर से इतिहास संग्रहालय भ्रमण सप्ताह का आयोजन किया गया। यह भ्रमण पांच अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। इसका उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक द्वारा किया गया। उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों व शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने संग्रहालय के महत्व पर प्रकाश डाला साथ ही उन्होंने संग्रहालय के बेहतर अनुरक्षण के लिए इतिहास के विद्यार्थियों को शुभकामनाएं और इतिहास विभाग को बधाई दी।



पानीपत। इतिहास संग्रहालय का अवलोकन करते हुए प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा, प्राध्यापक व विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

> इसका उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक द्वारा किया गया

वहीं, इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. नरवीर ने बताया कि यह संग्रहालय इतिहास विभाग की एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। यह न केवल इतिहास के विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है बल्कि सामान्य जिज्ञासु विद्यार्थियों के लिए यह प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्ति का एक अनुपम स्त्रोत है। कार्यक्रम में उप प्राचार्या डॉ. किरण मदान, गृह विज्ञान की विभागाध्यक्षा डॉ. सीमा, इतिहास विभाग के सहायक प्रो. डॉ. विजेंदर,रवि, चारू उपस्थित रहे।

## उपायुक्त ने मंडियों में धान खरीद प्रबंधन को जांचा



पानीपत। उपायुक्त वीरेंद्र दहिया, मंडी में धान की खरीद का जायजा लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

**पानीपत।** हरियाणा में धान की खरीद शुरू हो चुकी है, मंडियों में किसानों को धान बेचने में कोई दिक्कत न आए, इसके लिए सरकार द्वारा विशेष प्रबंध किए गए है, जिले की मंडियों में खरीद प्रबधों का जायजा लेने के लिए उपायुक्त वीरेंद्र दहिया ने शनिवार को जिले की बाबरपुर व पानीपत मंडी का दौरा किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि धान खरीद के दौरान किसानों को दिक्कत नहीं आनी चाहिए, किसानों को फसल का उचित दाम मिले और फसल का समय पर उठान हो। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि यदि धान खरीद के दौरान किसी भी खरीद एजेंसी की कोताही पाई गई उस एजेंसी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। दूसरी ओर, डीएमईओ महाबीर सिंह ने बताया कि जिले की सभी मंडियों में धान खरीद के व्यापक प्रबंध किए गए है, मंडियों में धान की आवक शुरू हो गई है।

## श्रीराम की तरह पुरूषोत्तम बनें सभी युवा : नवीन

- पानीपत में श्री राम बारात की भव्य शोभायात्रा निकाली

**पानीपत।** श्री राम लीला कमेटी श्री देवी मंदिर द्वारा श्री राम बारात का आयोजन भव्य तरीके से किया गया। वहीं, कमेटी के सदस्यों ने दोनों अतिथियों का फूल मालाओं से व पटका भेंट करके स्वागत किया तथा मानसम्मान की पगड़ी पहना कर व स्मृति चिन्ह भेट कर उनका अभिनन्दन किया। श्री राम बारात की शोभायात्रा श्री जगन्नाथ मंदिर से प्रारम्भ होकर शहर के प्रमुख बाजारों से होते हुए वापिस श्री देवी मंदिर पहुंची। बारात में उत्तराखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश से आए कलाकारों ने आने वाद्य यंत्रों से वातावरण को श्रीराममय कर दिया। दूसरी ओर, धार्मिक कार्यक्रम में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व समाजसेवी नवीन भाटिया को सम्मानित किया गया। भाटिया ने जनता से श्रीराम की तरह पुरूषोत्तम बनने का आह्वान किया। इस अवसर पर बडी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



पानीपत। भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया को सम्मानित करते हुए आयोजक।

## बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री व नगदी भेजी



इसराना। संत बाबा राजेन्द्र सिंह को बाढ़ पीड़ितों के लिए नकद भेंट करते हुए गांव भंडारी के ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

**इसराना।** पानीपत के गांव भंडरी की छत्तीस बिरादरी की मौजूदगी में गांव के सरपंच सुरेन्द्र सिंह ने खालसा प्रचार गुरुद्वारा संत भवन इसराना साहिब के बाबा राजेन्द्र सिंह को राहत सामग्री की तीन ट्राली राशन सामग्री के साथ-साथ दो लाख इक्कीस हजार रुपये नकद दिये। वहीं संत भवन इसराना साहिब के बाबा राजेन्द्र सिंह ने आये हुए समाजसेवी ओर जनप्रतिनिधि का सरोपा भेंट कर सम्मानित किया। निरंजन शर्मा ने कहा कि गांव भंडारी के समस्त ग्रामीणों ने जो बाढ़ पीड़ितों के लिए जुटाई गई है। उसे इसराना गुरुद्वारा संत भवन में सौंप दिया है। अब गुरुद्वारा के सेवादार पंजाब व अन्य स्थानों पर घर घर जाकर अपने हाथों से जरुरतमंदों को बांटेगें। इस अवसर पर पूर्व सरपंच प्रेम सिंह, देवी सिंह, रणबीर नंबरदार, जयभगवान सैनी, कृष्ण फौजी, सतबीर बिजला, सत्यवान, कुलदीप, सुरजीत, आजाद नंबरदार, संजय, रण सिंह, सुरेश भगत, सुनील, प्रवेश चहल, मोहित, सुल्तान, प्रताप सिंह आदि आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांग व्यक्ति लापता



**पानीपत।** पानीपत के गांव शिमला गुजरान से बाइस सितंबर से 64 वर्षीय सुनील उर्फ पप्पू लापता हो गया। वहीं परिजनों ने उसकी हर संभावित स्थल पर तलाश की, लेकिन सुनील का कोई सुराग नहीं लगा। इधर, परिजनों ने बताया कि सुनील का मानिसक स्वास्थ्य ठीक नहीं है। इधर, परिजनों की शिकायत पर थाना बापौली पुलिस ने सुनील की गुमशुदी का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। वहीं, बीटी कर जिला भर में सुनील का फोटो भेज कर पुलिस के सभी थानों, चौकियों, नाकों, गश्ती दलों को सतर्क कर दिया है।

### पति पर मारपीट का लगाया आरोप

**पानीपत।** पानीपत के नूरवाला में विवाहिता पायल ने अपने पति चांद व इसके परिजनों पर उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करने व मारपीट कर सुसराल से निकालने का आरोप लगाया है। वहीं पायल अपने मायके गांव नौल्था में निवास कर रही है। इधर, पायल की शिकायत पर इसराना थाना पुलिस ने पति चांद, सुसर संजय सिंह, ननद पर दहेज एक्ट समेत अन्य आरोपों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौते के प्रयास किए थे, लेकिन पुलिस के सभी प्रयास विफल साबित हुए।

### रात का तापमान 22 डिग्री तक रहा

**पानीपत।** पानीपत की जनता पछ्वा यानि पश्चिम दिशा से चलने वाली हवा के कारण गर्मी व उसम से जूझ रही है। इधर, कृषि विज्ञान केंद्र गांव उंझा के मौसम विभाग केंद्र ने बताया कि रविवार की रात को रात से हवाओं का रुख बदलेगा और उत्तरी-पश्चिमी हवाएं चलेगी। पहाड़ों की तरफ से आने वाली इन हवाओं के कारण तापमान में कमी आएगी और जनता को गर्मी से राहत मिलेगी। हालांकि रात को तापमान 22 डिग्री तक ल रहा है।

### अज्ञात लोगों पर चोरी का केस दर्ज

**इसराना।** पानीपत के गांव बुआना लाखू निवासी किसान सुमित पुत्र जसवीर सिंह के खेत से चोरों ने गैस सिलेंडर और पानी निकालने वाला पंखा चोरी कर लिया। इधर, सुमित की शिकायत पर इसराना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं इस क्षेत्र के खेतों में चोर काफी समय से सक्रिय है और मौका मिलते ही चोरी की घटना को अंजाम देते है।

### पर्यटन दिवस मनाया

**पानीपत।** आर्य कॉलेज के पर्यटन विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन दिवस धूमधाम से मनाया गया। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के पर्यटन विभाग के पूर्व निदेशक प्रो.डॉ. रवि भूषण रहे। इस अवसर पर प्रो. रवि भूषण, कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता व पर्यटन विभागाध्यक्ष अंकुर मित्तल आदि उपस्थित रहे।

### कोच विजय का गुरुकुल से गहरा नाता

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा बेस्ट एथलेक्टिस कोच पुरस्कार से सम्मानित हुए विजय कुमार मलिक का गुरुकुल कुरुक्षेत्र से गहरा नाता रहा है और खेलों में उन्हें लाने का श्रेय भी गुरुकुल कुरुक्षेत्र के तत्कालीन प्राचार्य और वर्तमान में गुजरात एवं महाराष्ट्र के महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत को जाता है। दरअसल, गुरुकुल कुरुक्षेत्र में छात्रावास में रहने के दौरान आचार्य देवव्रत ने विजय कुमार के अन्दर छिपी खेल प्रतिभा को पहचाना और उसे एथलेटिक्स में मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इतना ही नहीं विजय की खेल प्रतिभा को निखारने के लिए जो आवश्यक थीं, वे सभी सुविधाएं भी आचार्यश्री ने उपलब्ध करवाई जिसका परिणाम आज सभी के समक्ष है। यह शब्द बेस्ट कोच के पुरस्कार से नवाजे गये विजय कुमार ने दूरभाष पर गुरुकुल प्रतिनिधि से कहे। विजय कुमार ने कहा कि आचार्य देवव्रत की प्रेरणा से ही उन्होंने गुरुकुल कैम्पस में एथलेटिक्स की ए,बी,सी सीखी। आचार्यश्री के ध्येय वाक्य नीयत साफ-मंजिल आसान और कठिन परिश्रम को जीवन में आत्मसात किया और देखते ही देखते उनका जीवन पूरी तरह बदल गया। विजय ने बताया कि गुरुकुल में अध्ययन के दौरान वे प्रातः 3 बजे उठकर ही प्रैक्टिस में लग जाते थे।

## एसडी कॉलेज में ग्राहक जागरूकता संगोष्ठी आयोजित

# उपभोक्ता कार्यकर्ता बन शोषण का विरोध करना होगा

मेहमानों का स्वागत प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने पौधा-रोपित गमलें भेंट करके किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की जागरूकता संगोष्ठी में भाग लेते हुए पदाधिकारीगण। फोटो :हरिभूमि

एसडी पीजी कॉलेज में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की पानीपत इकाई द्वारा ग्राहक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को उनके अधिकारों और हितों के प्रति जागरूक करना रहा ताकि वे अपने अधिकारों को पहचान और समझ कर अपने हितों की रक्षा कर सकें। संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता दिनकर सवनीस राष्ट्रीय संगठन मंत्री अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत और बतौर अति विशिष्ट अतिथि डॉ. आरबी यादव प्रांत अध्यक्ष हरियाणा प्रांत ने शिरकत की। कार्यक्रम को उड़ीसा से पधारे दीपक मोहंती राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष, मुनेश शर्मा प्रांत संगठन मंत्री जो एम्स में बतौर नर्सिंग ऑफिसर कार्यरत है, राजेश नरूला प्रांत सह सचिव, एलसी चौहान राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, विजय अरोड़ा जिला अध्यक्ष, सतवीर आर्य जिला सचिव, राजेश जैन जिला कार्यकारिणी सदस्य, राजेश सैनी जिला संगठन मंत्री और अन्य पदाधिकारियों ने सुशोभित किया। कार्यक्रम की रूप-रेखा और स्वागत प्रमोद कुमार प्रांत सचिव ने की। पीपीटी एवं ग्राहक जागरूकता का मोर्चा सनत वाजपेयी ने संभाला। मेहमानों का स्वागत प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने पौधा-रोपित गमलें भेंट करके किया। इधर, दिनकर सवनीस ने कहा कि एक शोषणमुक्त समाज बने जहां ग्राहकों के साथ न्याय और निष्पक्षता से व्यवहार किया जाए।

### छात्र-छात्राओं ने नशे से दूर रहने की ली शपथ

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के दिशानिर्देशों, पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया एवं पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा के नेतृत्व में जागरूकता कार्यक्रम विशेष रूप से आयोजित किये जा रहे हैं। पुलिस उपाधीक्षक गजेंद्र सिंह के सर्वेक्षण में ये कार्यक्रम हो रहे हैं। नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पेहवा पहुंचे हुए थे। प्राचार्य कंवल कुमार की अध्यक्षता में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम हुआ जिसमें 250 छात्र छात्राओं, 20 अनुदेशकों और 16 अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। वर्ग अनुदेशक मोहन लाल शर्मा ने मंच का संचालन किया। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने सेवा पखवाड़े के अंतर्गत यह विशेष जागरूकता कार्यक्रम किया।

